बिहार पशु चिकित्सा संघ

कार्यालय - विद्यापति मार्ग, पटना-800001

डॉ० विनोद कुमार मुक्ता

प्रधान महासचिव

मो० 7488601083

e-Mail : bvapatna@gmail.com

पत्रांक- ....26.........   दिनांक- ....25-03-2020......

सेवा में,

माननीय मुख्यमंत्री महोदय,
बिहार सरकार, पटना।

विषयः– बिहार पशु चिकित्सा संघ द्वारा COVID—19 (कोरोना) से बचाव एवं संक्रमण से रोकथाम के लिये पशु चिकित्सकों द्वारा चलाये जा रहे जागरूकता अभियान के संबंध में।

महाशय,

बिहार पशु चिकित्सा संघ द्वारा बिहार के सभी 534 प्रखंडों के पशु चिकित्सकों को इस महामारी के खिलाफ अपनी सामाजिक एवं तकनीकी जवाबदेही को समझते हुए मानव जाति की रक्षा हेतु सभी प्रखंड, अनुमण्डल, जिला एवं राज्य स्तर पर COVID—19 (कोरोना) जागरूकता अभियान की शुरूआत दिनांक 24–3–2020 से दिनांक 30–3–2020 तक के लिए किया गया था, जिसे वर्तमान स्थिति की भयावहता को देखते हुए दिनांक 14–4–2020 तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान सभी जनो को इससे बचने एवं दूसरों को संक्रमित होने से बचाव के बारे में पशु चिकित्सक आगे आकर समाज में कोरोना बिमारी की रोकथाम के लिये जो उपाय एवं दिशा–निर्देश भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा बतायी जा रही है, उसे जन–जन तक अपने एवं जनप्रतिनिधि के माध्यम से तथा व्हाट्स ऐप एवं मोबाईल के माध्यम से भी सामाजिक दूरी बनाते हुए अपने प्रखंड, गॉव एवं समुदाय के लोगो को बचाव की पूरी जानकारी देकर जागरूक कर रहे हैं। इस संकट की घड़ी में पशुपालन विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी सरकार के निर्णय के साथ मिलकर मुकाबला करने के लिये कृत संकल्प हैं।

सधन्यवाद।

विश्वासभाजन

ह0/–

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव

ज्ञापांक ....26..../ बिप0चि0संघ   पटना, दिनांक....25....मार्च, 2020

प्रतिलिपि ः– मुख्य सचिव, बिहार सरकार/ सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ निदेशक, पशुपालन, बिहार/ सभी जिला पशुपालन पदाधिकारी, बिहार को सादर सूचनार्थ समर्पित।

(डा0 विनोद कुमार मुक्ता)

प्रधान महासचिव